# उत्तर प्रदेश पी0ए0सी0 मुख्यालय, लखनऊ

महानगर, लखनऊ–226006
फोन : 0522–2337451
फैक्स : 0522–2337453,
सीयूजी : 945440–0136
Email: pac@uppac.net


पत्रांकः पीएसी–दो–जी–58(8)96/3
दिनांक : जनवरी 06,2020

## स्थायी आदेश सं0–01/2020

**विषयः–** पीएसी मुख्यालय में सुरक्षा हेतु गार्द नियुक्त करने विषयक स्थायी आदेश।

—:—

पी0ए0सी0, मुख्यालय द्वारा निर्गत आदेश दिनांकः 03.09.1996 को अतिक्रमित करते हुए पीएसी मुख्यालय में सुरक्षा हेतु गार्द नियुक्त करने के सम्बन्ध में आदेश निर्गत किया जा रहा है ।

2– पीएसी बल एक गरिमामयी संगठित बल है जिसमें 03 जोन, 07 अनुभाग, 33 वाहिनियां एवं 228 कम्पनियां संचालित हैं। पीएसी बल का प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर विभिन्न प्रकार के कर्तव्यों के सम्पादन में एक गौरवशाली इतिहास रहा है। इस संगठित बल को कुशल एवं योग्यतम ढंग से संचालन हेतु मुख्यालय, महानगर, लखनऊ में अवस्थित है, जिसके प्रमुख अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी है।

3– मुख्यालय की कार्यशैली की जानकारी का अनुभव समस्त पीएसी बल को होना चाहिये, इस हेतु मुख्यालय की सुरक्षा व्यवस्था एवं गरिमा को संदेश वाहक के रूप में समस्त वाहिनियों को पहुंचाने के लिये कर्तव्य हेतु समस्त अनुभागों को रोटेशन के अनुसार अवसर दिया जाना समीचीन होगा। इस परिपेक्ष्य में निम्नांकित आदेश निर्गत किये जाते हैः–

1– कर्तव्य दल की समयावधि 02 माह की होगी।

2– पुलिस उपमहानिरीक्षक, अपने–अपने अनुभाग के प्रत्येक इकाई को रोटेशन के अनुसार बारी–बारी अवसर प्रदान करेंगें।

3– कर्मचारियों के चयन के समय पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं सम्बन्धित इकाई के सेनानायक इस बात का ध्यान रखेगें किः–

- इकाई के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी हो।
- स्वास्थ्य अच्छा हो, कोई गंभीर बीमारी/अनुशासनहीन/मदिरापान का आदी न हो।
- सभी लगभग एक समान लम्बाई (174सेंमी से ऊपर) के हो।
- प्लाटून कमाण्डर को गार्द को कमाण्ड करने की अच्छी जानकारी हो तथा नेतृत्व क्षमता उच्चकोटि का हो।
- गार्द कमाण्डर अनुभवी हो तथा प्रत्येक कर्मचारी को अपने–अपने कार्यों की अच्छी जानकारी हो।
- स्टिक मैन हेतु स्टिक किट उच्चतम स्तर की हो।

कर्तव्य सम्पादन का कम एवं अवधि:–

| कं सं0 | माह | कब से | कब तक | अनुभाग | जोन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जनवरी | 16.01.2020 | 15.03.2020 | अयोध्या | मध्य |
| 2 | मार्च | 16.03.2020 | 15.05.2020 | कानपुर | पूर्वी |
| 3 | मई | 16.05.2020 | 15.07.2020 | मुरादाबाद | पश्चिमी |
| 4 | जुलाई | 16.07.2020 | 15.09.2020 | लखनऊ | मध्य |
| 5 | सितम्बर | 16.09.2020 | 15.11.2020 | वाराणसी | पूर्वी |
| 6 | नवम्बर | 16.11.2020 | 15.01.2021 | मेरठ | पश्चिमी |
| 7 | जनवरी | 16.01.2021 | 15.03.2021 | आगरा | पश्चिमी |

सुरक्षा व्यवस्था बल की बदली तिथि की सूचना 15 दिवस पूर्व पीएसी मुख्यालय द्वारा अवगत करा दिया जायेगा।

निर्धारित जनशक्ति:–

| कं सं0 | कर्मचारी | जनशक्ति | कंसं0 | कर्मचारी | जनशक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्लाटूनकमाण्डर | 01 | 5 | कुक / कहार | 03 |
| 2 | मु0आ0 | 08 | 6 | धोबी, नाई | 01, 01 |
| 3 | आरक्षी | 33 | 7 | सफाई कर्मी, बिजली मिस्त्री | 01, 01 |
| 4 | आ0 बिगुलर | 01 | 8 | बढ़ई , प्लम्बर, मोची | 01 ,01, 01 |

आवासीय व्यवस्था:–

कर्तव्यरत सुरक्षा गार्द के कर्मचारी पीएसी मुख्यालय में निर्मित गार्द रूम में रहेगें एंव पीएसी मुख्यालय परिसर के बैरक में रहेंगे ।

भोजनालय:–

सुरक्षा व्यवस्था में आने वाला बल भोजनालय हेतु पर्याप्त मेस पात्र, सामग्री एवं उपसाधक साथ लाएगें। भोजनालय का व्यवस्थापन पीएसी मुख्यालय परिसर में बने भोजनालय में रहेगा।

परिवहन:–

भेजे जाने वाले पीएसी बल को अच्छी स्थिति में कम से कम 01 बस तथा 01 ट्रक में भेजे जाऐं।

वेश–भूषा:–

पीएसी मुख्यालय की गरिमा के दृष्टिगत कर्तव्य अवधि के दौरान प्रत्येक कर्मचारी सम्बन्धित वाहिनी में प्रचलित रैतिक वेश–भूषा धारण करेंगें यथा साफा, तुर्रा, चमड़े का बेल्ट, कमरबंद, कालाबूट, सफेद स्पैड, स्कार्फ आदि स्टिक मैन अपने स्वच्छ एवं साफ सुथरा स्टिक किट धारण करेंगें।

मूल्यांकन तथा पुरूस्कार:–

पीएसी मुख्यालय में कर्तव्य अवधि के दौरान कर्तव्यरत बल के कर्मचारियों के अनुशासन, टर्नआउट, कार्यदक्षता एवं गार्द माउटिंग ड्रिल, स्टैण्टू की कार्यवाही, टैक्टिकल ड्रिल की जानकारी, सलामी गार्द की कार्यवाही, स्टिक मैन की कार्यवाही के आधार पर सम्बन्धित इकाई / कर्मचारियों को पुरूस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

6/1/2020

( विनोद कुमार सिंह )
अपर पुलिस महानिदेशक,
पी0ए0सी0, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ।

प्रतिलिपिः—

1— पुलिस महानिरीक्षक पी0ए0सी0 पूर्वी जोन प्रयागराज /मध्य जोन लखनऊ/पश्चिमी जोन मुरादाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

2— पुलिस उपमहानिरीक्षक, पी0ए0सी0 वाराणसी/कानपुर/लखनऊ/अयोध्या/मेरठ/मुरादाबाद/आगरा अनुभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि वे व्यक्तिगत रूप से अपने सेक्टर की वाहिनियों से चयनित प्लाटूनों को बारी–बारी समय से भिजवाना सुनिश्चित करें।

3— समस्त सेनानायक, पी0ए0सी0 वाहिनी उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि वे प्रदत्त निर्देशों के अनुरूप विशेष रूप से चयनित कर्मियों के प्लाटूनों के कर्मियों की वर्दी, उपकरण आदि का स्वयं निरीक्षण कर अपने सेक्टर पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा प्रदत्त आदेश के कम में उसको समय से पी0ए0सी0 मुख्यालय भिजवाना सुनिश्चित करें।

4— दलनायक नियंत्रण कक्ष/दलनायक मुख्यालय, पीएसी मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही प्रेषित।